प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात की 114वीं कड़ी में आज विविध विषयों पर अपने विचार साझा किये। इस दौरान उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने में दूरदर्शन और क्षेत्रीय चैनलों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के क्षेत्र में जल सहेली के योगदान और भूमिका को भी प्रशंसनीय बताया। उन्होंने इस मासिक कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और मेक इन इंडिया समेत कई अन्य विषयों की भी चर्चा की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में संथाली भाषा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह भाषा जनजातीय समुदायों द्वारा कई स्थानों पर बोली जाती है। प्रधानमंत्री ने संथाली भाषा को लोकप्रिय बनाने और ऑनलाइन करने की दिशा में ओड़िशा के मयूरभंज के रामजी टुडू के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

****

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देशभर के अनेक स्थानों की तरह रांची के आराकेरम गांव में भी लोगों ने सामूहिक रूप से सीधा प्रसारण देखा और सुना। इस मौके पर रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने आरा केरम गांव के ग्रामीणों की उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना का शुभारंभ करेंगे। यह योजना सत्रह विभागों की भागीदारी से देशभर के तिरसठ हजार आदिवासी बहुल गांवों में संचालित होगी। झारखंड में इस योजना के तहत भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े स्थलों को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री हजारीबाग में आय़ोजित कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लोगों से भी संवाद करेंगे।

****

पिछले एक सितम्बर से जारी राष्ट्रीय पोषण माह का कल रांची में समापन होगा, जिसमें केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी। इस दौरान देशभर में स्थित 11 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से उदघाटन किया जाएगा। मिशन पोषण को दर्शानेवाली प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि झारखंड समेत देशभर में पोषण माह के दौरान लगभग बारह करोड़ गतिविधियां आयोजित की गयी।

****

राजधानी रांची के धुर्वा स्थित एक बैंक में झारखंड पर्यटन विकास निगम के नाम से फर्जी बैंक खाता खोलकर लगभग साढ़े दस करोड़ रुपए की निकासी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पर्यटन विभाग की सचिव अंजली यादव द्वारा की गई जांच के बाद धुर्वा थाने में झारखंड पर्यटन विकास निगम के दो अधिकारियों तथा एक बैंक अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

****

रांची के नामकोम अंचल अधिकारी के कार्यालय में कल दिलचस्प मामला देखने को मिला। दरअसल तबादले के बाद कोडरमा से अंचल अधिकारी यहां पदभार संभालने पहुंचे थे। कार्यालय का ताला बंद मिलने पर उन्होंने कर्मचारी को बुलाकर ताला तोड़ने का आदेश दिया। इधर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मामले की जांच का आदेश दिया है।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सिमडेगा जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता——

****

आज दुनिया भर में विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 29 सितंबर को हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और विश्व स्तर पर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– यूज़ हार्ट फॉर एक्शन।

****

राजधानी रांची के खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रही ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड के एस रमेश, राजवीर और प्रिंस ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। इस चैंपियनशिप के तीसरे दिन बालक वर्ग में इकतीस और बालिकाओं की श्रेणी में छब्बीस मैच खेले गए।

*********समाप्त************